# 24 December 2022: PIB Summary for UPSC

## 24 दिसंबर 2022 : PIB विश्लेषण

विषय सूची:


1. दिव्यांगजन सशक्तिकरण हेतु समझौता
2. सेना दिवस-2023


1. **दिव्यांगजन सशक्तिकरण हेतु समझौता**

   सामान्य अध्ययन : 2

   राजव्यवस्था एवं शासन:

   विषय: शासन व्यवस्था, पारदर्शिता और जवाबदेही के महत्वपूर्ण पक्ष, ई-गवर्नेंस अनुप्रयोग, मॉडल, सफलताएं, सीमाएं और संभावनाएं

   प्रारंभिक व मुख्य परीक्षा: दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग तथा दिव्यांग जन अधिकार (RPWD) अधिनियम

**संदर्भ:**

- दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग ने दिव्यांगजनों को मुख्यधारा की अर्थव्यवस्था से जोड़ने के लिए एक व्यवस्थित कौशल विकास तंत्र तैयार करने के उद्देश्य से पहली बार अमेज़ॉन और फ्लिपकार्ट के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए।

**विवरण:**

- इस समझौता ज्ञापन का मुख्य उद्देश्य ई-कॉमर्स क्षेत्र में दिव्यांग जनों के लिए संयुक्त रूप से कौशल प्रशिक्षण और रोजगार के अवसर प्रदान करना है।
- यह दिव्यांग जनों के अधिकारिता विभाग द्वारा दिव्यांग जनों को कौशल प्रशिक्षण प्रदान करेगा, दिव्यांग जनों के लिए कौशल परिषद द्वारा ई-कॉमर्स क्षेत्र के लिए नौकरी की भूमिकाओं को डिजाइन करने और अमेजन द्वारा दिव्यांग जनों को कौशल प्रशिक्षण और भर्ती करने की परिकल्पना तैयार करता है।
- सभी पक्षों की इस तरह की पहल से दिव्यांग जनों के लिए नौकरी में उनकी स्थायी रोजगार क्षमता बढ़ाने के साथ-साथ उन्हें सक्षम बनाने के लिए आपूर्ति श्रृंखला क्षेत्र में नौकरी विशेष, व्यावहारिक और ई-कॉमर्स कौशल प्रदान करके उद्यमी बनाने के बेहतर अवसर पैदा होंगे।

**दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग:**

- सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय के अधीन दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग की स्थापना मई 2012 में की गई थी, जिसका उद्देश्य है दिव्यांगजन का सशक्तिकरण और उनका समावेश करना तथा ऐसी नोडल एजेंसी के रूप में काम करना, जो दिव्यांगजनों के विकास के कामों की देख-रेख करे।
- दिव्यांजनों का सशक्तिकरण अंतर-विषयक प्रक्रिया है, जिसमें विभिन्न पहलू जैसे दिव्यांगता की रोकथाम, उसकी जल्द पहचान करना, पहल करना, शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगारपरक प्रशिक्षण, पुनर्वास और सामाजिक एकीकरण शामिल हैं।
- दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण के दायरे में सामाजिक, शैक्षिक और आर्थिक रूप से वंचित दिव्यांगज आते हैं।
- इस विभाग की परिकल्पना, मिशन और रणनीतियां हैं:
    - **परिकल्पना:** एक समावेशी समाज का निर्माण करना जहां दिव्यांगजनों को उन्नति और विकास के समान अवसर मिलें, ताकि वे रचनात्मक, सुरक्षित और सम्मान के साथ जीवन बिता सकें।
    - **मिशन:** विभिन्न अधिनियमों/संस्थानों/संगठनों और पुनर्वास योजनाओं के जरिये दिव्यांगजनों को समान अवसर प्रदान करके, उनके अधिकारों की रक्षा करके और समाज के स्वतंत्र व रचनात्मक सदस्य के रूप में हर स्तर पर भागीदारी करने में उन्हें सक्षम बनाकर उन्हें सशक्त करना है।
- प्रतिवर्ष **तीन दिसंबर को अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस** मनाया जाता है।

**दिव्यांगजन अधिकार (RPWD) अधिनियम:**

- RPWD अधिनियम, 2016 में निर्धारित **दिव्यांगता की सूची को बढ़ाकर 21** कर दिया गया है।
- यह अधिनियम निर्धारित करता है कि उपयुक्त सरकार यह सुनिश्चित करेगी कि दिव्यांग व्यक्ति समानता का अधिकार, गरिमा के साथ जीवन और दूसरों के साथ समान रूप से अपनी अखंडता के अधिकार को प्राप्त कर सकें।
- **अधिनियम की धारा 3** में स्पष्ट किया गया है कि किसी भी दिव्यांग व्यक्ति के साथ दिव्यांगता के आधार पर भेदभाव नहीं किया जाएगा, जब तक कि यह सुनिश्चित नहीं हो जाता कि लगाया गया विभेद वैध उद्देश्य प्राप्त करने का एक आनुपातिक साधन है और कोई भी व्यक्ति केवल दिव्यांगता के आधार व्यक्तिगत स्वतंत्रता से वंचित नहीं होगा।

- **यह अधिनियम दिव्यांग व्यक्तियों के लिए समावेशी शिक्षा, व्यावसायिक प्रशिक्षण और स्वरोजगार तक पहुँच का प्रावधान करता है।**

## प्रारंभिक एवं मुख्य परीक्षा की दृष्टि से कुछ महत्वपूर्ण तथ्य:

1. **सेना दिवस-2023:**
    - **भारत में प्रत्येक वर्ष 15 जनवरी को जवानों और भारतीय सेना की याद में सेना दिवस (Army Day) मनाया जाता है।**
    - **आगामी 15 जनवरी 2023 को 75वां सेना दिवस मनाया जाएगा।**
    - **इस अवसर पर देश थल सेना की वीरता, उनके शौर्य और कुर्बानियों को याद करता है।**
    - **फील्ड मार्शल के. एम. करियप्पा आजाद भारत के पहले भारतीय सेना प्रमुख 15 जनवरी 1949 को बने थे। ये भारत के इतिहास की सबसे महत्वपूर्ण घटनाओं में से एक है। इसलिए, 15 जनवरी को हर साल भारतीय सेना दिवस के तौर पर मनाया जाता है।**
    - **सेना दिवस 2023 के सिलसिले में देश के दक्षिणी भाग में आयोजित की जा रही विभिन्न गतिविधियों की श्रृंखला को आगे बढ़ाते हुए महाराष्ट्र, गोवा, कर्नाटक, केरल, तेलंगाना, तमिलनाडु, गुजरात, राजस्थान, मध्य प्रदेश तथा उत्तर प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में स्थित भारतीय सेना की टुकड़ियों/इकाइयों ने बड़े पैमाने पर रक्तदान अभियान का संचालन किया।**
    - **आगामी 15 जनवरी 2023 को 75वें सेना दिवस के उपलक्ष्य में 'रक्तदान करें - जीवन बचाएं' विषय के तहत आयोजित स्वैच्छिक दान कार्यक्रम के माध्यम से 7,500 यूनिट रक्त इकट्ठा किया गया और 75,000 स्वयंसेवकों का एक डेटा बैंक भी संकलित किया गया।**